मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 10

अनुक्रमांक :...................................

नाम ...............................................

901

**801 (MZ)**

**2024**

**हिन्दी**

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

निर्देश :

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii. इस प्रश्नपत्र के दो खण्ड खण्ड अ तथा खण्ड ब हैं।

iii. खण्ड - अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर देने हैं।

iv. खण्ड - अ के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें। ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा हाइटनर का प्रयोग न करें ।

v. प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं। खण्ड ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। खण्ड ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें ।

vi. प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

---

## खण्ड-'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित में से 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के लेखक कौन हैं: 1

(A) डॉ० रामकुमार वर्मा

(B) मुंशी प्रेमचन्द

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) डॉ० श्यामसुन्दर दास

gyansindhuclasses.com

2. 'ठूँठा आम' कृति के लेखक हैं: 1

(A) भगवत शरण उपाध्याय

(B) मोहन राकेश

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) रामचन्द्र शुक्ल

3. 'रस मीमांसा' कृति के लेखक है: 1

(A) अज्ञेय

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) महादेवी वर्मा

4. 'नाटक' विधा के प्रसिद्ध लेखक हैं: 1

(A) विनोबा भावे

(B) डॉ० श्यामसुन्दर दास

(C) सुदर्शन

(D) जयशंकर प्रसाद

5. 'तौलिये 'किस विधा पर आधारित रचना है: 1

(A) कहानी

(B) नाटक

(C) एकांकी

(D) निबन्ध

gyansindhuclasses.com

6. 'छायावादी' कवि हैं: 1

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) महादेवी वर्मा

(C) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(D) ये सभी

7. शोषण का विरोध किस युग की प्रवृत्ति है? 1

(A) प्रयोगवाद की,

(B) छायावाद की,

(C) प्रगतिवाद की,

(D) इनमें से किसी की नहीं।

8. निम्न में से महाकाव्य विधा की रचना है? 1

(A) साकेत

(B) झंकार

(C) भारतभारती

(D) सुदामाचरित

9. तारसप्तक के कवि हैं? 1

(A) अज्ञेय

(B) रामकुमार वर्मा

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) भारतभूषण अग्रवाल

10. रीतिमुक्त' कवि हैं: 1

(A) देव

(B) केशवदास

(C) घनानन्द

(D) मतिराम

gyansindhuclasses.com

11. तात-तात हा तात पुकारी ! परे भूमितल व्याकुल भारी।' इन काव्य पंक्तियों में रस है: 1

(A) वीर रस

(B) करुण रस

(C) हास्य रस

(D) श्रृंगार रस

12. 'उत्प्रेक्षा' अलंकार के वाचक शब्द हैं: 1

(A) मानो-जानो

(B) जानेहुँ-मनहु

(C) मनु-जनु

(D) ये सभी

13. रोला' छन्द में कुल मात्राएँ होती हैं : 1

(A) 24

(B) 36

(C) 48

(D) 96

14. 'अनुकरण' शब्द में उपसर्ग जुड़ा है: 1

(A) अन

(B) अन्

(C) अनु

(D) करण

15. 'तद्' सर्वनाम का पुल्लिग में तृतीया विभक्ति, एकवचन का रूप है: 1

(A) तेन

(B) तया

(C) तस्मै

(D) त्वत्

gyansindhuclasses.com

16. राधा-कृष्ण' में समास है : 1

(A) द्विगु

(B) द्वन्द्व

(C) कर्मधारय

(D) तत्पुरुष

17. 'दिन' का पर्यायवाची शब्द है : 1

(A) दिवस,

(B) वार,

(C) वासर,

(D) ये सभी।

18. आज्ञावाचक वाक्य में होता है : 1

(A) आज्ञा

(B) निर्देश

(C) विनय

(D) ये सभी

19. राम के द्वारा श्याम को पीटा गया।' वाक्य में वाच्य है ? 1

(A) कर्त् वाच्य

(B) कर्म वाच्य

(C) भाव वाच्य

(D) कोई नही।

20. क्रिया विशेषण पद किस वाक्य में प्रयुक्त किया गया है : 1

(A) राहुल से उठा नही जाता।

(B) श्याम तेज है।

(C) राम अत्यंत चतुर है।

(D) अफताब तेज भागता है।

gyansindhuclasses.com

**खण्ड-'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)**

**21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2+2+2=6**

**जो तरुण संसार के जीवन संग्राम से दूर है, उन्हें संसार का चित्र बड़ा ही मनमोहक प्रतीत होता है। जो वृद्ध हो गए हैं, जो अपनी बाल्यावस्था और**

**तरुणावस्था से दूर हट आए हैं, उन्हें अपने अतीत काल की स्मृति बड़ी सुखद लगती है। वे अतीत का ही स्वप्न देखते हैं। तरुणों के लिए जैसे भविष्य उज्ज्वल होता है, वैसे ही वृद्धों के लिए अतीत। वर्तमान से दोनों को असंतोष होता है। तरुण भविष्य को वर्तमान में लाना चाहते हैं और वृद्ध अतीत को खींचकर वर्तमान में देखना चाहते हैं। तरुण क्रान्ति के समर्थक होते हैं और वृद्ध अतीत गौरव के संरक्षक। इन्हीं दोनों के कारण वर्तमान सदैव क्षुब्ध रहता है और इसी से वर्तमानकाल सदैव सुधारों का काल बना रहता है।**

**(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।**

**(ii) रेखांकित, अंश की व्याख्या कीजिए।**

**(iii) वर्तमान सदैव क्षुब्ध क्यों रहता है?**

**अथवा**

ईर्ष्या का काम जलाना है, मगर सबसे पहले यह उसी को जलाती है, जिसके हृदय में उसका जन्म होता है। आप भी ऐसे बहुत से लोगों को जानते होंगे, जो ईर्ष्या और द्वेष की साकार मूर्ति हैं और जो बराबर इस फिक्र में लगे रहते हैं कि कहाँ सुननेवाला मिले और अपने दिल का गुबार निकालने का मौका मिले। श्रोता मिलते ही उनका ग्रामोफोन बजने लगता है और वे बड़ी ही होशियारी के साथ एक-एक काण्ड इस ढंग से सुनाते हैं, मानो विश्व-कल्याण को छोड़कर उनका और कोई ध्येय नहीं हो। अगर जरा उनके अपने इतिहास को देखिए और समझने की कोशिश कीजिए कि जबसे इन्होंने इस सुकर्म का आरम्भ किया है, तब से वे अपने क्षेत्र में आगे बढ़े हैं या पीछे हटे हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) ईर्ष्या का क्या काम है? वह सबसे पहले किसे जलाती है?

gyansindhuclasses.com

22. निम्नांकित पद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: **2+2+2=6**

"धूरि भरे अति सोभित स्यामजू, तैसी बनी सिर सुन्दर चोटी।
खेलत खात फिरै अँगना, पग पैजनी बाजति पीरी कछोटी।।
वा छबि को रसखानि बिलोकत, वारत काम कला निधि कोटी।
काग के भाग बड़े सजनी, हरि-हाथ सों लै गयौ माखन रोटी।"

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) हरि के हाथ से माखन-रोटी कौन ले गया?

अथवा

"जो साहस कर बढ़ता उसको, केवल कटाक्ष से टोक दिया।
जो वीर बना नभ-बीच फेंक, बरछे पर उसको रोक दिया।।
क्षण उछल गया, अरि घोड़े पर, क्षण लड़ा सो गया घोड़े पर।
बैरी दल से लड़ते-लड़ते, क्षण खड़ा हो गया घोड़े पर।।"

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) इस पद्यांश में किसकी वीरता का वर्णन है?

23. निम्नलिखित संस्कृत गद्यावतरणों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2+3=5

"यथा सोम्यैकेन नखनिकृन्तनेन सर्वं कार्णायसं विज्ञात स्याद्वाचरम्भणं विकारो नामधेयं कृष्णायसमित्येव सत्यमेव सोम्य स आदेशो भवतीति।।"

अथवा

मानव-जीवनस्य संस्करणं संस्कृतिः। अस्माकं पूर्वजाः मानवजीवनं संस्कर्तुं महान्तं प्रयत्नम् अकुर्वन्। ते अस्माकं जीवनस्य संस्करणाय यान् आचारान् विचारान् च अदर्शयन् तत् सर्वम् अस्माकं संस्कृतिः।

24. निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 2+3=5

gyansindhuclasses.com

दाक्ष्यमेकपदं धर्म्यम् दानमेकपदं यशः।
सत्यमेकपदं स्वर्ग्यं शीलमेकपदं सुखम्।।

अथवा

बन्धनं मरणं वापि जयो वापि पराजयः।
उभयत्र समो वीरः वीर भावो हि वीरता।।

25. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए : 3

क) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग का कथानक लिखिए।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर मेघनाद का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का सारांश लिखिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण द्वारा 'कवच-कुण्डल दान' का वर्णन कीजिए।

(ग) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में अपनी भाषा में लिखिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर युधिष्ठिर का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर नायक की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ङ) (i) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर भामाशाह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग की कथा का सारांश लिखिए।

(च) (i) 'मुक्ति-दूत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ii ) 'मुक्ति-दूत' खण्डकाव्य के आधार पर गांधीजी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(छ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'जय सुभाव' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(ज) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख कोजिए।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग (बलिदान सर्ग) की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

gyansindhuclasses.com

(झ) (i) 'ज्योति-जवाहर' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'ज्योति-जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहरलाल नेहरू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

26. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 3+2=5

(i) डॉ० भगवतशरण उपाध्याय

(iii) डॉ० राजेन्द्रप्रसाद

(ii) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 3+2=5

(i) केदारनाथ सिंह

(ii) बिहारीलाल

(iii) सुभद्रा कुमारी चौहान

27. अपनी पाठ्य-पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

28. पिताजी की बीमारी के कारण तीन दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 4

अथवा

एक प्रमुख समाचार-पत्र के माध्यम से नगर में यातायात एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित कीजिए।

29. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए :

(1) कूपः किमर्थ दुःखम् अनुभवति ?

(ii) 'भारतम् एकम् राष्ट्रम इति' कस्य उक्तिः?

(iii) चन्द्रशेखरः स्वनाम किम् अकथयत् ?

(iv) लोभ: केन वर्धते?

gyansindhuclasses.com

30. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :

(i) स्वच्छ भारत अभियान

(ii) जल-संरक्षण की आवश्यकता और उपाय

(iii) वृक्षारोपण का महत्त्व

(iv) राष्ट्रीय एकता

*****